Title: Need to expedite construction of power sub-station at Forbesganj in District Areria, Bihar by Power Grid Corporation of India.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, अररिया बिहार में सीमावर्ती जिला है। वैसे पूरा बिहार पिछड़ा राज्य है किन्तु अररिया में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है। वहां विद्युत की विकट समस्या है। केन्द्र सरकार पावर ग्रिड द्वारा फारबिसगंज में 132/32 के.वी. 2x20 एम.डब्ल्यू. के सब स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति दी थी, जिससे जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ हो किन्तु अभी तक वहां कोई कार्य पावर ग्रिड द्वारा शुरू नहीं किया गया है।

महोदय, मैं इस सदन में आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि पावर ग्रिड के द्वारा स्थापित होने वाला सब स्टेशन का निर्माण कार्य अविलम्ब कराने का आदेश दें, जिससे इस क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार हो सके।